# भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

**पुरी ने भारत को 'डेड इकोनॉमी' कहे जाने पर दिया करारा जवाब**

**हरित-आईटी क्रांति और कोविड डिजिटल उछाल को किया याद**

**नई दिल्ली, 1 सितंबर. केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत विरोधी डेड इकोनॉमी वाले बयान का खंडन करते हुए देश की आर्थिक प्रगति पर प्रकाश डाला है. उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज़ गति से आगे बढ़ रहा है.**

एक लेख में पुरी ने लिखा कि किसी भी महान सभ्यता की परीक्षा उसके कठिन क्षणों में होती है. उन्होंने कहा कि अतीत में जब भी संदेह हुआ, भारत ने हरित क्रांति, आईटी क्रांति और कोविड-19 महामारी से मिले डिजिटल उछाल के साथ जवाब दिया है.



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की गति वैश्विक स्तर पर मायने रखती है. अनुमान बताते हैं कि भारत पहले से ही वैश्विक आर्थिक विकास में 15 प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहा है और प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षा है कि यह हिस्सेदारी 20 प्रतिशत तक बढ़े.

मंत्री ने कहा कि भारत को %डेड इकोनॉमी% कहने वालों के बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तेज विकास, मजबूत बफर और व्यापक अवसरों के साथ एक मजबूती की कहानी उभर रही है. उन्होंने कहा कि यह विकसित भारत का क्षण है, जो ऊर्जा सुरक्षा और हरित ऊर्जा परिवर्तन प्राप्त करने की दिशा में भारत की अथक यात्रा को दर्शाता है.

पुरी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है, जो तेजी से बढ़ने के मामले में संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन से भी आगे निकल गई है. उन्होंने कहा कि वर्तमान गति के अनुसार, भारत इस दशक के अंत तक जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है.

## वीई कमर्शियल व्हीकल्स की अगस्त बिक्री में 9.5% की वृद्धि

**नई दिल्ली, 1 सितंबर.** आयशर मोटर्स लिमिटेड की इकाई, वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड (वीईसीवी) ने अगस्त में अपनी कुल बिक्री में 9.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की है, जो 7,167 इकाइयों तक पहुँच गई है. यह आंकड़ा अगस्त 2024 में बेची गई 6,543 इकाइयों की तुलना में उल्लेखनीय है. कंपनी द्वारा शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, अगस्त 2025 की कुल बिक्री में आयशर ब्रांड की 6,924 इकाइयां और वोल्वो ब्रांड की 243 इकाइयां शामिल हैं. घरेलू वाणिज्यिक वाहन बाजार में भी आयशर ब्रांड के ट्रक और बसों की बिक्री में पांच प्रतिशत का उछाल देखा गया. पिछले महीने 6,331 इकाइयां बिकीं, जबकि अगस्त 2024 में यह संख्या 6,023 थी.



# कपड़ा निर्यातकों को राहत

## ब्रिटेन समझौता बनेगा गेम चेंजर

**नयी दिल्ली, 1 सितंबर, केयरएज रेटिंग्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्कों से भारतीय कपड़ा निर्यात को हो रहे नुकसान की भरपाई, ब्रिटेन के साथ हाल ही में हुए मुक्त व्यापार समझौते ( एफटीए ) से हो सकती है.**

अमेरिकी शुल्कों के कारण 2026 में भारत का कपड़ा निर्यात 9-10 प्रतिशत तक घट सकता है, जिससे निर्यातकों के मार्जिन में भी 300-500 बीपीएस की गिरावट आ सकती है.रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत-यूके एफटीए भारत के रेडीमेड गारमेंट्स (आरएमजी) और होम टेक्सटाइल क्षेत्रों के लिए एक %गेम चेंजर% है. इसके अलावा, यूरोपीय संघ के साथ जारी एफटीए वार्ता भी नए रास्ते खोल सकती है.

केयरएज रेटिंग्स के विश्लेषकों ने कहा कि भारत सरकार द्वारा कपास पर आयात शुल्क हटाने जैसे समर्थन से निर्यातकों को मदद मिलेगी. वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि अमेरिकी शुल्कों का भारत के निर्यात पर अल्पकालिक असर होगा, लेकिन समग्र अर्थव्यवस्था पर इसका दीर्घकालिक प्रभाव सीमित रहेगा.


XI-HC--42

**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर**
**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना (नोटिस)**
**(अधिनियम क्रमांक 5, सनब 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14)**
**अपील क्रमांक MA/2332/2013**

**By- Publication**
**Respondent No. 2**
**By Publication**
**Fixed for 30-07-2025**

MANAGER, RELIANCE GENERAL INS. CO. LTD. अपीलार्थी
MUS. VIMLA SINGH BAGHEL प्रत्यर्थी

**Process Id: 112607/2025**

सनब **2011** के **MACC** क्रमांक **74** सनब **2011** में न्यायालय **Member, Addl. MACT SHRI VACHASPATI MISHRA, Satna (Madhya Pradesh)** की डिक्री / आदेश, दिनांक **30-04-2013** के विरूद्ध अपील।

प्रति,

**Ishar Khan**
**S/o Shri Mohar Khan, R/o near Bus Stand,**
**District- Hoshangabad(M.P.), Narmadapuram (M.P.)**
प्रत्यर्थी

| | |
|---|---|
| अपील की सुनवाई का दिनांक | कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री **Appellant** द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक **30-07-2025** नियत की गई है। आपत्तियां, प्रति आपत्तियां, यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। |
| कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक | कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक **30-07-2025** को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है। |

सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये:-

| कागज का विवरण (दिनांक सुभेदक चिह्न तथा पृष्ठ संख्या) (1) | पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है (यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें) (2) | कागजात की पुस्तक का पृष्ठ (कार्यालय में भरा जाय) (3) |
|---|---|---|

यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक **30-07-2025** को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें।

आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवतब प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा।

अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं।

आज दिनांक................को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।

**प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा**


# भारत की लगेज इंडस्ट्री 2026 तक 5-7% की दर से बढ़ेगी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली, 1 सितंबर. भारत की 18,000 करोड़ रुपए की लगेज इंडस्ट्री वित्त वर्ष 2026 में 5-7 प्रतिशत की मजबूत दर से बढ़ने की उम्मीद है. यह वृद्धि पिछले तीन वर्षों की 3 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर की तुलना में काफी अधिक है.**



क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है.रिपोर्ट के अनुसार, इस मजबूत वृद्धि का मुख्य कारण छुट्टियों और कॉर्पोरेट यात्रा में आई तेजी है, साथ ही हार्ड लगेज की बढ़ती मांग भी इसमें योगदान दे रही है.

रेटिंग एजेंसी के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026 तक नए जमाने के मैन्युफैक्चरर्स अपनी बाजार हिस्सेदारी को मौजूदा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर लगभग 25 प्रतिशत कर लेंगे. इसके विपरीत, पुराने और स्थापित मैन्युफैक्चरर्स की वृद्धि दर एकल अंक में ही रहने की संभावना है. संगठित सेगमेंट की कंपनियाँ इस वृद्धि में सबसे अधिक योगदान देंगी, जिनके पास कुल बाजार का 45 प्रतिशत हिस्सा है. विश्लेषकों ने कहा कि नए जमाने के निर्माताओं की सफलता का राज उनके आधुनिक और स्टाइलिश डिजाइन, ई-कॉमर्स विस्तार, कम लागत वाले निजी लेबल-आधारित उत्पादन और नियंत्रित ओवरहेड्स में निहित है. इसके अलावा, कच्चे माल की कीमतों में कमी के कारण इस वित्त वर्ष में परिचालन मार्जिन 150-200 आधार अंक (बीपीएस) बढ़कर 9.5-10.0 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है.

> रिपोर्ट में बताया गया है कि शहरी उपभोक्ता अब केवल टिकाऊपन पर ही नहीं, बल्कि सौंदर्य, डिजाइन और उपयोगिता पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं. वहीं, ग्रामीण उपभोक्ता भी धीरे-धीरे पारंपरिक सामानों से अधिक आधुनिक और आकर्षक सामानों की ओर स्थानांतरित हो रहे हैं.

# तकनीक और सामाजिक बदलाव का संगम

## किसानों, छात्रों और समाज का जीवन बदलेगा : सिंधिया

**नई दिल्ली, 1 सितंबर.केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को कहा कि इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 केवल 5जी, 6जी, एआई, आईओटी और मशीन-टू-मशीन संचार जैसी तकनीकों पर चर्चा का मंच नहीं होगा, बल्कि यह समझने का भी एक मंच होगा कि ये तकनीकें किसानों, छात्रों और पूरे समाज के जीवन को कैसे बदल सकती हैं.**



नया मोबाइल ऐप प्रतिभागियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कई सुविधाएँ प्रदान करेगा, जैसे कि सेशन की लाइव स्ट्रीमिंग, एआई-आधारित व्यक्तिगत सुझाव, और सहज शेड्यूलिंग. यह ऐप प्रतिनिधियों, प्रदर्शकों और स्टार्टअप्स के बीच नेटवर्किंग को भी बढ़ावा देगा, जिससे स्टार्टअप्स को सलाहकारों और निवेशकों से जुड़ने का अवसर मिलेगा.

ऐप का एक अन्य प्रमुख आकर्षण इसका एआई-पावर्ड स्निपेट टूल है, जो महत्वपूर्ण सेशन के छोटे वीडियो क्लिप अपने आप बनाएगा. इसके अलावा, एक को-पायलट चैटबॉट सेशन, स्पीकर, लॉजिस्टिक्स और आस-पास की सुविधाओं के बारे में तुरंत जवाब देने के लिए एक डिजिटल सहायक के रूप में काम करेगा. प्रतिभागियों को जोड़े रखने इन-ऐप फोटो बूथ, एआई-पावर्ड फेस रिकग्निशन गैलरी जैसे फीचर्स भी इसमें शामिल किए गए हैं.

> 8 से 11 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले आईएमसी 2025 के लिए एआई-पावर्ड मोबाइल एप्लिकेशन के लॉन्च के अवसर पर, सिंधिया ने कहा कि इस वर्ष के आयोजन का उद्देश्य नवाचार और परिवर्तन है, जो प्रधानमंत्री के 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रयासों को दर्शाता है. उन्होंने इस आयोजन को संभावनाओं का मंच बताया, जहाँ ये संभावनाएँ जुड़ाव, सहयोग और परिणामों में बदलेंगी.

# उर्वरक उद्योग पर नए नियम भारी

**नई दिल्ली, 1 सितंबर. भारत का विशेष उर्वरक उद्योग नए नियमों से जूझ रहा है जिसके तहत %बायोस्टिमुलेंट% जैसे उत्पादों को पहली बार सरकारी विनियमन के दायरे में लाया गया है. उद्योग निकाय ने आगाह किया है कि इन अनुपालन संबंधी चुनौतियों के कारण कई छोटे विनिर्माताओं को अपना काम बंद करना पड़ सकता है.**

उर्वरक नियंत्रण आदेश (एफसीओ) में फरवरी 2025 के संशोधन ने बायोस्टिमुलेंट क्षेत्र के लिए बड़ी चुनौतियां खड़ी कर दी हैं, जो करीब एक दशक तक बिना किसी विनियमन के संचालित होता रहा है. बायोस्टिमुलेंट ऐसे पदार्थ या सूक्ष्मजीव होते हैं जो सीधे तौर पर पोषण दिए बिना पौधों की वृद्धि और विकास को बेहतर बनाने में मदद करते हैं.

# मानव संसाधन प्रबंधन में पावरग्रिड को स्कोप एमीनेंस अवार्ड

**सीएमडी रविंद्र कुमार त्यागी और निदेशक डॉ. यतींद्र द्विवेदी ने पुरस्कार ग्रहण किया**

**नई दिल्ली, 1 सितंबर.विद्युत मंत्रालय के तहत एक महारत्न सीपीएसयू, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ( पावरग्रिड ) को मानव संसाधन प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए 'स्कोप एमीनेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया है. यह पुरस्कार शुक्रवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रदान किया.**

पावरग्रिड की ओर से यह पुरस्कार कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रविंद्र कुमार त्यागी ने निदेशक (कार्मिक) डॉ. यतींद्र द्विवेदी के साथ ग्रहण किया. इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और वित्त मंत्रालय के डीपीई सचिव के. मूसा चलाई सहित अन्य सीपीएसयू, स्कोप और पावरग्रिड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.



यह सम्मान पावरग्रिड की प्रगतिशील मानव संसाधन प्रथाओं को दर्शाता है, जो कर्मचारी-केंद्रित नीतियों, सतत कौशल विकास और नेतृत्व के विकास पर केंद्रित हैं. कंपनी ने नवाचार, समावेशिता और कर्मचारियों के समग्र कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.


**SBI | भारतीय स्टेट बैंक,**
**क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय-6, सागर म.प्र.**

**शुद्धि पत्र**

इस समाचार पत्र में दिनांक 12.06.2025 को प्रकाशित **"कार्यालयीन कार्य से अनाधिकृत अनुपस्थिति" नोटिस** में स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित दिनांक 16.03.2023 के स्थान पर 16.01.2023 और अपनी सेवा स्वैच्छिक रूप से समाप्त दिनांक 17.04.2023 के स्थान पर 17.02.2023 पढ़ा जावे। शेष यथावत रहेगा।

**क्षेत्रीय प्रबंधक/अनुशासनिक अधिकारी, क्षेत्र-6, सागर (म.प्र.)**

**CHANGE OF NAME**

I Syed yahya uddin S/o Syed Parvez uddin add- Ist Raitghat Bhopal (M.P) I have Corrected my names spelling in my birth Certificate from Syed Yhaya uddin to Syed Yahya uddin respectively. as per affidavit dated 1.09. 2025. all documents now reflected the Correct name.

**CHANGE OF NAME**

I Gauher fatma. W/o Syed Parvez uddin add. Ist raitghat Bhopal (M.P) I have Corrected my names spelling in my son's birth certificate from Gohar Fatma to Gauher Fatma respectively. as per affidavit dated 1. 9. 2025. all documents now reflected the correct names.

**CHANGE OF NAME**

I, Daya Shankar Pal S/o Baijnath Pal Address - A-12, New Sainik Colony, Bairagarh Kalan, Huzur, Thana Bhouri, Bhopal (M.P.) -462030. I have changed my Daughter Name From BHAVNA PAL to BHAVANA PAL vide affidavit number BT 872874 Dated 24-08-2025.

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank

**(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**
**(CIN-L65110TN2014PLC097792)**
**रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031**
**फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना**

निम्नलिखित उधारकताओं और सह- उधारकताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निदेशों के अनुसार एनपीए के रूप में वगीर्कृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है ) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 32965316 | संपत्ति के बदले ऋण | 20.08.2025 | 2,46,177.34/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं का नाम:** 1. अंबाराम डेलनिया 2. अलका बाई 3. गोविंद सिंह

**संपत्ति का पता:** संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, क्षेत्रफल 3472 वर्ग फुट ( मकान/भूखंड संख्या 4 ), भूमि सर्वेक्षण सं.पर स्थित है3/300, गाँवः ढिंगाखेड़ी, फोन नंबर 42, तहसीलः जावर, जिलाः सीहोर, मध्य प्रदेश-466120, और सीमाः पूर्वः अंबरम का घर, पश्चिमः स्थानीय सड़क, उत्तरः ओमप्रकाश की जमीन

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 2 | 144944571 | होम लोन | 08.08.2025 | 5,65,268.90/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं का नाम:** 1. पुरुषोत्तम कुशवाह 2. सीमा बाई

**संपत्ति का पता:** कुल भूखंड का वह हिस्सा, क्षेत्रफल 11732 वर्ग फुट, निर्मित क्षेत्रफल ऋऋफउ.उ. कुल क्षेत्रफल 11732 वर्ग फुट, सर्वेक्षण संख्या 153/2/1 पर स्थित, गाँवः गोलाखेड़ी, ग्राम पंचायतः गोलाखेड़ी, फोन नंबर 67, तहसीलः बमोरी, जिलाः गुना, मध्य प्रदेश-473110, और सीमाः पूर्वः सड़क, पश्चिमः सरकारी भूमि, उत्तरः रवि कुशवाह की भूमि, दक्षिणः सोमा कुशवाह की भूमि

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड ( पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है ) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 ( 4 ) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** के रूप में जाना जाता है ) . इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 ( 13 ) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी**
**दिनांक: 02.09.2025** **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड**
**स्थान: मध्यप्रदेश** **के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
**Office of The Dy. General Manager (O&M) Division, Guna**
**Power House Campus, Station Road, Guna-473001**
**E-mail ID : dgmguna@gmail.com**
प्रकाश एवं विकास

**DGM/O&M/GNA/Pur/2025/05** **Guna, Dated : 29.08.2025**

**NOTICE INVITING E-TENDER**

M.P.M.K.V.V.CO.Ltd. Hereby invited E-Tendering offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following locations.

| Name of Unit/Office | Particulars | Tender Fee (In Rs.) | Date of online Sale of Bid Documents | Date of Opening of Bids online |
|---|---|---|---|---|
| Guna (R) Sub Division under (O&M) Division Guna. | Type-G2 Light commercial vehicle (Non AC), (2-3 metric ton), Truck or equivalent. | 500/- + GST@12% = 560/- | 29.08.2025, 15:00 Hrs. up to 04.09.2025, 14:00 Hrs. | 05.09.2025 at 15:00 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/121821/2025 **DGM (O&M)**

BAJAJ FINSERV

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना**
**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालयः मुंबई-पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे-411035**

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें (''टी एण्ड सी'') वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी / आरटीजीएस / बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक / नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

**स्कैन करें**

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित / निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे – gold.auction@bajajfinserv.in

(08-10-25) बरेली जेजे रोड GL; PCA3GOL12878465, 12939372, 13067569, 13135092, 13376571. बेतुल श्रम कॉम्प्लैक्स GL; PCA4GOL12913979, 12976396, 13291200. भोपाल-इमामी गेट रोड GL; PF46GOL12912122, 12957889, 13228975. भोपाल-मध्य प्रदेश नगर ज़ोन GL; PCA5GOL9173459, L9872010, 10213247, 13295134. (09-10-25) बीना – इटावा स्टेशन रोड GL; PCA6GOL13060236, 13082585, 13184875, 13335773. छत्तरपुर; P568GOL12052169, 12054184, 12293001, 12351932. छिंदवाड़ा लालबाग GL; PEQ1GOL13143548. देवास एबी रोड GL; PGG2GOL12933930, 12938612, 13032412, 13139412, 13316425. गाडरवारा इंद्रा वार्ड I; PKA3GOL12936035, 13007438. (10-10-25) गंज बसौदा GL; P02WGOL12906933, 12940395, 12939882. गुना एबी रोड GL; PEH2GOL13188245, 13190428, 13228973, 13278623, 13341751, 13376466, 13391815. ग्वालियर सिटी सेन्टर GL; PCA7GOL11515324, 12544194, 13036131, 13037816, 13038309, 13226981, 13249906, 13248099, 13271690, 13395861. ग्वालियर डाबरा I; PKH4GOL13142011. (13-10-25) ग्वालियर GL; PF25GOL12861066, 12989838, 12989109, 13018049, 13036654, 13027566, 13040507, 13060772, 13125866, 13235396, 13251251. ग्वालियर गोले का मंदिर I; PJD1GOL12912801, 12976759, 13017427, 13084024, 13103155, 13181459, 13209345, 13270737, 13289634, 13337504, 13376596, 13378961, 13374792, 13389472. ग्वालियर विनय नगर GL; PEF2GOL12955709, 13102860, 13138309, 13187941, 13181613, 13234823. होशंगाबाद मीनाक्षी चौक GL; PCA9GOL12852759, 12978887, 12978297, 13059446, 13077562, 13078032, 13137732, 13289431, 13314252, 13322808, 13342764, 13379640. इंदौर अन्नपूर्णा रोड GL; PER2GOL12973334, 13141613. (14-10-25) इंदौर विजय नगर GL; PGJ9GOL12860671, 13058332, 13256623. इटारसी GL; P03WGOL13123188, 13256918, 13358237. जबलपुर अशोका रोड GL; PGO3GOL10054750, 10147396, 12796001, 12872524, 12937755, 12978298, 13037728, 13085699, 13081191, 13102062, 13269402, 13278577, 13278122, 13268870, 13295020, 13319615, 13317747. जबलपुर-दीनदयाल चौक GL; PEH4GOL13065756, 13125739, 13161676, 13158192, 13189834, 13340789. (15-10-25) खरगोन जवाहर मार्ग I; PJC9GOL12909349, 13275770, 13359350. मुरैना-शिवनगर I; PJC8GOL12353823, 12352529, 12399561, 12436825, 12507622, 12552580, 12644897, 12721955, 12761098, 12800251, 12907259, 12932045, 12957640, 13083533, 13095974, 13232859, 13247865, 13276167, 13319636, 13316780, 13345993. पोरसा BGL; P14PGOL12410486, 12430711, 12467367, 12497136, 12953358, 13293088. रीवा BGL; P4A7GOL12980827, 13162782, 13180060, 13205204, 13209302, 13237307, 13319779, 13340696. सबलगढ; P13PGOL5591433, L5744781. (16-10-25) सतना रीवा रोड GL; PCP2GOL12605701, 12877949. शहडोल BGL; P6E0GOL12973086, 13294953. (17-10-25) श्योपुर शिवपुरी रोड; PLC3GOL12893495, 12929480, 12936308, 13034738, 13118931, 13120907, 13118067, 13372099, 13388246. शिवपुरी – एबी रोड GL; PEH3GOL12893418, 12958623, 13008520, 13082716, 13273557. उज्जैन फ्री गंज GL; PCP4GOL13370253.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**